जीवन में संयम कैसे रखें, कवि का कर्म भाषा विवाद नहीं, साहित्यकारों की सजी महफिल

नई कविता आंदोलन और शमशेरबहादुर सिंह पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न-सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला द्वारा प्रेमचंद सृजन पीठएवं शमशेर साहित्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नई कविता आंदोलन और शमशेरबहादुर सिंह पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि इग्नू नई दिल्ली के कुलसचिव एवं वरिष्ठ कवि-आलोचक प्रोफेसर जितेंद्र श्रीवास्तव थे। अध्यक्षता वरिष्ठ विद्वान प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी, सागर ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कुलानुशासक प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा, गुजरात विद्यापीठ के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. जसवंतभाई डी. पंड्या, अहमदाबाद, छत्रसाल विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष प्रो. बहादुरसिंह परमार, छतरपुर, पूर्व प्राचार्य डॉ. जय श्रीवास्तव, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो हरिमोहन बुधौलिया, ललित कला विभागाध्यक्ष प्रो. जगदीश चंद्र शर्मा, प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने विचार व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि कवि-समालोचक प्रो. जितेंद्र श्रीवास्तव, नई दिल्ली ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में संयम कैसे रखें यह तो हमें हर कोई सिखा सकता है। नए कवि के तौर पर कविता में संयम कैसे रखना चाहिए, वह मैंने नई कविता के तीन वरिष्ठ कवियों शमशेरबहादुर सिंह, अज्ञेय और केदारनाथ सिंह से सीखा। कविता कैसे की जानी चाहिए, कैसे शब्दों का संयम रखें, नए प्रयोग कैसे करते हैं, यह हमें शमशेरबहादुर सिंह से सीखना चाहिए। वे हिंदी और उर्दू के सेतु थे। कवि का कर्म भाषा विवाद नहीं, कविता का विस्तार करना है।

पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. जसवंतभाई पंड्या, अहमदाबाद ने अपने उद्बोधन में बताया कि कविता करना ही कवि का उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि उसमें जीवन बोध और रचनाधर्मिता होनी चाहिए।

समालोचक प्रो. जगदीश चंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में शमशेरबहादुर सिंह के जीवन के प्रसंग सुनाते हुए बताया कि वे जितने महत्वपूर्ण कवि थे। उतने ही बड़े गद्यकार और उतने ही बड़े आलोचक भी थे। उन्हें समझना है तो निराला पर लिखी गई उनकी आलोचनाओं को पढ़ना चाहिए। प्रारंभ में अतिथियों ने नई कविता के समर्थ कवि एवं प्रेमचंद सृजन पीठ के प्रथम निदेशक रहे स्व. शमशेरबहादुर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अतिथियों को अंगवस्त्र और साहित्य भेंट कर उनका सारस्वत सम्मान विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा, प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, शमशेर साहित्य संस्थान के निदेशक जय श्रीवास्तव, प्रो. हरिमोहन बुधौलिया एवं प्रो. जगदीश चंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन पूजा परमार ने किया और आभार प्रदर्शन प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने किया।

कविता आंदोलन को नया मोड़-दुराग्रह से नहीं जुड़े-साहित्य से प्रेरणा लें

समालोचक प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि शमशेर जी की कविताएं गहरी संवेदना, चित्रात्मक सौंदर्य और सुगठित शिल्प का संगम हैं। वे प्रणय, प्रकृति सौंदर्य और जीवन राग के कवि हैं। जिन्होंने नई कविता आंदोलन को नया मोड़ दिया। उन्होंने बाद की पीढ़ियों के कई कवियों पर प्रभाव डाला। उन्होंने संकेत किया कि शब्द और उनका सत्य स्वयं ही बोलते हैं, रचनाकार को अलग से कुछ कहने की ज़रूरत नहीं होती। वरिष्ठ विद्वान प्रोफेसर आनंदप्रकाश त्रिपाठी, सागर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि अपनी परम्परा में शमशेर अकेले ऐसे व्यक्ति हैं जो किसी वाद, विचार या दुराग्रह से जुड़े नहीं थे। कवि कैसे अपने को विकसित करता है। यह शमशेर जी के काव्य में दिखाई देता है। उनके लेखन में काव्यधर्मिता मिलती है। यह आयोजन मेरे लिए सौभाग्य की बात है क्योंकि आज तक मुझे कभी शमशेरबहादुर सिंह को आयोजन के रूप में स्मरण करने का अवसर नहीं मिल पाया। शमशेर साहित्य संस्थान के निदेशक डॉ. जय श्रीवास्तव ने प्रख्यात कवि शमशेरबहादुर सिंह के जीवन के प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि वे बड़े ही उदार और दूसरों को प्रेरित करने वाले व्यक्ति थे। हमें उनके साहित्य से प्रेरणा लेना चाहिए।

सिंहस्थ महापर्व के पहले प्रेस क्लब उज्जैन में हुआ पत्रकारों का महाकुंभ

उज्जैन। सिंहस्थ महापर्व के पहले धार्मिक नगरी उज्जैन में पत्रकारों का महाकुंभ आयोजित किया गया। जिसमें प्रेस क्लब के पदाधिकारी और कार्यकारिणी को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ ही नवीन कार्यकाल की बधाई देते हुए कहा कि शहर और समाज को आपसे काफी उम्मीदें हैं। आने वाले समय में सिंहस्थ महाकुंभ भी आयोजित होने वाला है। इसीलिए अब आपकी जिम्मेदारियां और भी बढ़ चुकी हैं। सिंहस्थ में उज्जैन मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाए हम बस यही चाहते हैं।

उज्जैन प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष विशाल सिंह हाड़ा ने बताया कि प्रेस क्लब की नवगठित कार्यकारिणी का सम्मान समारोह भरतपुरी स्थित रामसखा गौतम सभागृह में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, पत्रकार हेमंत शर्मा, जितेंद्र सोनी, ज्ञानेंद्र तिवारी, निगम सभापति कलावती यादव, वरिष्ठ पत्रकार पं. विजय शंकर मेहता, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, वरिष्ठ अभिभाषक सुदीप भार्गव की गरिमामय उपस्थिति में यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। आयोजन के दौरान उपस्थित अतिथियों ने प्रेस क्लब की नवगठित कार्यकारिणी को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस दौरान वरिष्ठ अभिभाषक सुदीप भार्गव और निर्वाचन अधिकारी नितेश योगी का भी सम्मान किया गया। संचालन शैलेंद्र व्यास ने किया। कार्यक्रम में नंदलाल यादव, अध्यक्ष, विशाल सिंह हाडा, कार्यकारी अध्यक्ष, पं. विजय व्यास, सचिव विक्रम जाट, उपाध्यक्ष उदय सिंह चंदेल, भूपेन्द्र भूतड़ा कोषाध्यक्ष, कमलेश जाटवा, संयुक्त सचिव के साथ ही कार्यकारिणी के गोविंद प्रजापत, धर्मेंद्र भाटी, राहुल यादव, हर्ष जायसवाल, रवि सेन, मनोज तिलक, डॉ. प्रणव नागर, निलेश खोयरे, अशोक त्रिपाठी, विश्वास शर्मा, अपूर्व देवडा, संजय पुरोहित, प्रकाश त्रिवेदी, अभिजीतसिंह बैस को निर्वाचन प्रमाण पत्र भेंट किए गए।

कार बाजार में खड़ी 13 कारों से बदमाशों ने चुराई बैटरियां

उज्जैन। कार बाजार में खड़ी कारों से रात में बदमाशों ने कई बेटरियां चोरी की गई। बदमाश कुछ कारों से म्युजिक सिस्टम भी चुराकर ले गये हैं। पुलिस ने जांच के बाद देर शाम अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

आगररोड पर वाइन शॉप के सामने उज्जैन कार बाजार का संचालन खंडेलवाल नगर में रहने वाले मकसूद पिता मोहसीन खान द्वारा किया जाता है। जहां कई कारे बेचने के लिये उनके पास पहुंचती है। शुक्रवार सुबह जब कार बाजार संचालक पहुंचे तो पता चला कि कई कारों में लगी बेटरियां गायब है। कुछ कारों से म्युजिक सिस्टम भी नहीं है। चोरी को बोनट उठाकर और म्युजिक सिस्टम कार गेट का लॉक तोड़कर अंजाम दिया गया है। मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि बदमाशों ने करीब 13 कारों से बेटरी, 10 कारों से म्युजिक सिस्टम चोरी किया है। कार बाजार संचालक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने कार बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया है। जिसमें 2 कैमरे टूटे होना पाये गये। जिन्हें बदमाशों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। वहीं अन्य कैमरे के फुटेज देखने पर सामने आया कि बदमाश दिखाई नहीं दे रहे हैं। सिर्फ परछाई दिखाई दे रही है और कारों का बोनट खुलता दिखाई दे रहा है। आसपास मार्ग पर लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है।

कोर्ट पेशी से लौट रहे पिता-पुत्र पर हमला

उज्जैन। जानलेवा हमले के आरोपी के साथ तारीख पेशी पर पहुंचे पिता-पुत्र को कुछ लोगों ने घर लौटते समय रास्ते में रोक लिया और हमला कर दिया। पिता-पुत्र घायल हुए हैं। माधवनगर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। गुदरी चौराहा पर रहने वाले श्याम चौरसिया अपने पुत्र अक्षत के साथ जानलेवा हमले के आरोपी रहे परिचित के साथ कोर्ट पेशी पर पहुंचे थे। जहां फरियादी पक्ष भी आया हुआ था। कोर्ट पेशी के बाद श्याम चौरसिया और उसका पुत्र अक्षत वापस बाइक से घर लौटने के लिए निकले। इसी बीच कोर्ट के समीप सिंहस्थ मेला कार्यालय के आगे उन्हें तीन से चार लोगों ने रोक लिया और हमला कर दिया। घटना में दोनों पिता-पुत्र घायल हो गए। मामला माधवनगर थाने पहुंचा तो पिता-पुत्र को उपचार के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं अक्षत चौरसिया की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया। घायल पिता-पुत्र का कहना था कि वह हमलावरों को नहीं पहचानते हैं। उन्हें कोर्ट परिसर में फरियादी पक्ष के साथ घूमते देखा था। वह आरोपी परिचित के साथ कोर्ट गए थे। पुलिस द्वारा हमलावरों का पता लगाने के लिए मेला कार्यालय के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।

पिस्टल के साथ पकड़ाया युवक

उज्जैन। अवैध रूप से पिस्टल लेकर घुम रहे युवक की सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश दी। युवक को उसके घर से ही गिरफ्तार कर पिस्टल और एक कारतूस का खोखा जप्त किया। मामले में प्रकरण दर्ज कर युवक को जेल भेजा गया है। जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के उर्दूपुरा में रहने वाला पीयूष पिता नरेन्द्र गेहलोत क्षेत्र में ही पिस्टल लेकर घुम रहा था और लोगों को धमका रहा था। कुछ लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी पीयूष को उसके घर के समीप गायत्री मंदिर के पास से हिरासत में लिया। उसके पास से देशी पिस्टल और कारतूस का खोखा बरामद होने पर आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार पीयूष आपराधिक प्रवृत्ति का है उसके खिलाफ पूर्व में भी मामले दर्ज हैं।

लायंस इंटरनेशनल टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट आज

उज्जैन। लायंस इंटरनेशनल 3233 जी 2 का टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट एवं पारंपरिक खेल गुल्ली डंडा, अंटी खेल, शितोलिया, रस्सी कूद आदि आज माधव क्लब टर्फ ग्राउंड पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चेयरपर्सन स्पोर्ट लायन ऋषिराज अरोड़ा के मार्गदर्शन में एवं रीजन चेयरपर्सन लायन डॉ. सत्येंद्र शर्मा एवं एम जे एफ लायन प्रदीप यादव के नेतृत्व में संयुक्त रूप से कार्यक्रम संयोजक लायन विनोद लुल्ला एवं लायन आशु नागर के संयुक्त प्रयास से दोपहर 11 से शाम 7 बजे तक खेला जाएगा। डिस्ट्रिक्ट मार्केटिंग पीआरओ लायन दीपक राजवानी ने बताया कि टूर्नामेंट में विशेष तौर पर गीत संगीत नृत्य आदि का भी आयोजन किया गया है। विजेता प्रतियोगी को पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। समस्त लायन लीडर एवं झोन चेयरपर्सन, अध्यक्ष, सचिव एवं स्पोर्ट्स में पार्टिसिपेट करने वालों से आग्रह किया की समय पर पहुंचकर इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट क्रिकेट एवं पारंपरिक खेलों का इतिहास रचे।

ब्लैकमेल कर मां-बेटी से दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास

उज्जैन। 2 साल पहले मां बेटी को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने के बाद वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी शेष प्राकृतिक जीवन काल तक जेल की सलाखों में रहेगा।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि 7 सितंबर 2023 को महिला थाना उज्जैन पर एक महिला ने शिकायत के दर्ज कराई थी कि लगभग ढाई वर्ष पहले उनके घर पर शाहरूख काम करता था, उसका आना जाना लगा रहता था। लगभग ढाई वर्ष पहले शाहरूख मेरे घर पर आया, उस समय मेरे घर पर कोई नहीं था। उसने पूछा कि सब लोग कहां गये हैं, मैंने कहाकि घर पर कोई नहीं है फिर उसने पानी मांगा, मैं पानी लेने के लिये अंदर आयी तो शाहरूख ने दरवाजा लगाकर मेरे साथ मेरी इच्छा के विरुद्ध ब्लात्कार किया और फिर चला गया, मैंने डर की वजह से उक्त घटनाक्रम मेरे पति व परिजनों को नहीं बता पायी। दो दिन के बाद शाहरूख फिर आया और बोला कि आपके साथ जो मैंने किया है उसकी पूरी विडियो रिकार्डिंग मेरे मोबाइल में कर ली है। अब जब भी बोलू तो अपनी मर्जी से मेरे पास आना, नहीं तो मैं उक्त वीडियो सबको दिखा दूंगा। मैं डर गयी थी उक्त वीडियो को देखने के बाद वायरल होने के डर से उसके द्वारा जैसा कहा गया वैसा करती रही। शाहरुख ने मेरी इच्छा के विरुद्ध ब्लात्कार किया। एक दिन उक्त वीडियो शाहरूख की पत्नी एवं वसीम ने देखकर वायरल कर दी और उक्त वीडियो की रिकार्डिंग की कॉपी कराकर मेरे पति को दे दी, उक्त पेन ड्राईव को जब मेरे घर वालो और मैंने देखा तो उसमें मेरी बेटी का भी वीडियो था, मेरी बेटी से पूछा तो उसने बताया कि आपका वीडियो दिखाकर, मुझे डरा धमकाकर मेरे साथ भी वही गलत काम किया। वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर बेटी के साथ भी लगातार गलत काम करता रहता था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। 2 साल चली सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जिला उज्जैन के द्वारा आरोपी शाहरूख पिता जीमल छीपा 39 वर्ष, निवासी भैरवगढ़ को धारा 376 (2) भादवि एवं 5/एल, 6 पॉक्सो एक्ट में आजीवन, शेष प्राकृत जीवनकाल (मृत्यु तक) सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में पैरवी सूरज बछेरिया, विशेष लोक अभियोजक ने की।

शब ए मेराज पर हुआ क्रीज कंपटीशन

उज्जैन। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक सैयद आबिद अली मीर एवं अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने बताया कि शबे मेराज के मौके पर क्रिज कंपटीशन का आयोजन सैंट मदार कान्वेंट स्कूल मदार गेट पर आयोजित किया गया। संयुक्त सचिव नासिर मंसूरी एवं सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया कि इस कंपटीशन में विज्ञान, खेल, धर्म, शिक्षा, साहित्य से जुड़े प्रश्न पूछे गए सही उत्तर देने वाले प्रतियोगियों को सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिक्षाविद रीना तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहां ऐसे कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने की प्रेरणा देंगे। आपने सभी प्रतियोगियों को बधाई दी। विशेष अतिथि समाजसेवी शाकिर शेख, पार्षद अनवर नागौरी, शकील अहमद, हाजी इकबाल हुसैन, नाजिया अहमद, अर्शी सद्दाम हुसैन ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। मोहसिन ए कायनात अवार्ड से शिक्षाविद दरक्षा अहमद को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी सैयद उस्मान हसन ने प्रतियोगियों को संबोधित करते हुए कहा आप अभी से पढ़ाई में अपना ध्यान लगाएंगे. तो ही आप आगे बढ़ पाएंगे। कार्यक्रम में शहजाद अहमद पप्पूभाई, अब्दुल खालिक, अनीस मौलाना, अभिषेक सिसोदिया, उस्मान मुल्तानी आदि उपस्थित थे। संचालन मोहम्मद इकबाल उस्मानी ने किया। आभार रशीदा बाजी ने माना। उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर एवं प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

श्री चारभुजा मंदिर में 400 बच्चों को पिलाई ब्राह्मी

उज्जैन। माघ महीने की चतुर्दशी के पावन पर्व पर श्री चारभुजा मंदिर प्रांगण में बुद्धि बढ़ाने की औषधि एवं मानसिक विकारों को दूर करने वाली अन्य शारीरिक मानसिक विकारों को दूर करने वाली ब्राह्मी औषधि का वितरण किया गया। इस अवसर पर निगम सभापति कलावती यादव, बाबू कुमावत, यश कुमावत, कुमावत समाज के गणमान्य नागरिक सहित क्षेत्रीय रहवासियों ने 400 से अधिक बच्चों को ब्राह्मी का वितरण किया। बुद्धि बढ़ाने की मानसिक विकारों को

दूर करने वाली औषधि को श्री चारभुजा मंदिर के पुजारी आचार्य नरेंद्र वैष्णव के द्वारा अभिमंत्रित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से महंत रूप किशोर रसिक, घनश्याम शर्मा, पंकज वैष्णव, ऋतुल कुमावत, तुषार बैरागी, दीपक कुमावत, चंद्रेश गिरी आदि उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ ने मनाया पतंग महोत्सव

उज्जैन। अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ जिला युवा जिला उज्जैन द्वारा पीलिया खाल स्थित प्रजापति नगर पर पतंग महोत्सव मनाया। जिला अध्यक्ष प्रकाश प्रजापत एवं युवा जिला अध्यक्ष कमल नंदवाना के संयुक्त नेतृत्व में जिला प्रभारी गुलाब चंद्र प्रजापति के मार्गदर्शन में लगातार सातवें वर्ष तिल के लड्डू एवं पतंग वितरण कर महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के सूत्रधार युवा उपाध्यक्ष शंकर प्रजापति रहे। कार्यक्रम के संयोजक कमलेश प्रजापत एवं युवा जिला सचिव पिंटू प्रजापत रहे। महासंघ के युवा महासचिव राहुल प्रजापत, युवा उपाध्यक्ष तरुण प्रजापत द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि प्रजापति समाज द्वारा लगातार मनाये जा रहे पतंग महोत्सव का यह सातवां वर्ष है। कार्यक्रम में 1,111 पतंग और 151 किलो तिल के लड्डू वितरण किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव, अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छगनलाल चक्रवर्ती, उमेश ठाकुर, सुरेंद्र यादव, शिवेंद्र तिवारी, घनश्याम गोड, प्रकाश प्रजापत, जमनालाल यादव, जवाहर लाल प्रजापत, मुकेश प्रजापत, बीपीएचओ प्रमुख मुकेश प्रजापत ने श्री श्रीयादे माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अतिथियों का स्वागत संदीप प्रजापत, दीपक प्रजापत, बेनी प्रसाद प्रजापत, दीपक कुंवाडिया, नंदकिशोर प्रजापत, दिलीप प्रजापत, मनीष प्रजापत, शेखर चक्रवर्ती, हरि नारायण प्रजापत, मनोहर पडल्या, आशीष प्रजापत, दिनेश प्रजापत, जितेंद्र प्रजापत आदि ने अतिथियों का अभिनंदन किया। आभार दर्पण प्रजापत ने माना।

इंदौर रोड पर हादसे में घायल युवक की मौत

उज्जैन। इंदौररोड फोरलेन पर गुरुवार-शुक्रवार रात हादसे में घायल हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया। नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि रात में इंदौररोड फोरलेन पर इंपीरियल होटल के सामने सर्विस रोड पर स्कूटी पर सवार युवक वैभव पिता सुभाष जाटवा 26 साल निवासी बागपुरा घायल हालत में मिला था। जिसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में परिजनों ने भर्ती किया था। जहां उसकी शुक्रवार दोपहर को मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वैभव सर्विस रोड से गुजर रहा था, जहां खुदाई के बड़े-बड़े पत्थर पड़े हैं। स्कूटी अनियंत्रित होने पर डिवाइडर से टकराई थी। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मामले में जांच की जा रही है। विदित हो कि अभी शहर में निर्माण कार्य जोरों पर चल रहे हैं। इसलिए चालकों को थोड़ा संभल कर चलाना चाहिए।

मौनतीर्थ में होगा अभिषेक पूजन

उज्जैन। आज 18 जनवरी को मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर श्री मौनतीर्थ पीठ में विशेष धार्मिक एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सनातन परंपरा में मौनी अमावस्या का अत्यंत आध्यात्मिक महत्व है। इस दिन मौनव्रत करने से आत्मशुद्धि, मानसिक शांति एवं पुण्य की प्राप्ति होती है।

जो श्रद्धालु किसी कारणवश मौनव्रत का पालन नहीं कर पाते, उन्हें अखण्ड मौनव्रती कलिपावनावतार ब्रह्मर्षि श्रीश्री मौनीबाबा महाराज के समाधि मंदिर में दर्शन मात्र से मौनव्रत का फल प्राप्त होता है। साथ ही, पावन शिप्रा नदी के तट गंगाघाट पर स्नान कर बाबा के दर्शन करने से भी वही पुण्यफल प्राप्त होता है।

मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रात: 11 बजे अभिषेक पूजन का आयोजन श्री मौनतीर्थ पीठ में किया जाएगा। इस पावन दिन पर श्री मौनतीर्थ पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज द्वारा जरूरतमंदों को गर्म वस्त्रों का वितरण भी किया जाएगा, जिससे सेवा और करुणा का संदेश समाज तक पहुंचेगा।

इस अवसर की एक विशेष उपलब्धि यह भी है कि मौनीबाबा आश्रम में भारत की दुर्लभ पुंगनुरु गाय के दर्शन श्रद्धालुओं को प्राप्त होते हैं। यह प्राचीन और दुर्लभ गौवंश अपनी सौम्यता एवं धार्मिक महत्व के कारण भक्तों में विशेष श्रद्धा का केंद्र है।

श्री मौनतीर्थ पीठ द्वारा समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्नान, दर्शन, पूजन एवं सेवा के इस पावन अवसर का आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें।

वीआईपी ने किए दर्शन नंदीहाल भक्ति में लीन नजर आए, जाप कर टीम इंडिया की जीत के लिए कामना की

क्रिकेटर विराट कोहली और कुलदीप यादव भगवान महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए



नवभारत न्यूज

उज्जैन। भारत-न्यूजीलैंड के बीच इंदौर में खेले जाने वाले मैच से पहले क्रिकेटर विराट कोहली और कुलदीप यादव शनिवार को उज्जैन में महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए। दोनों ने नंदीहाल में भक्ति भाव में लीन नजर आए। पुजारी आशीष गुरु ने उनका पूजन संपन्न कराया। भस्मारती बाद उन्होंने गर्भगृह के बाहर से दर्शन कर जल चढ़वाया। समिति की ओर से प्रशासक प्रथम कौशिक ने खिलाड़ियों का सम्मान किया। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा आयोजित महाकाल महोत्सव में मुंबई की पार्श्व गायिका सोना महापात्रा ने महाकाल लोक के प्रांगण में प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। महोत्सव में भक्ति और संगीत का अनुपम संगम देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। अल सुबह सोना महापात्रा ने महाकाल की भस्मारती भी की। महोत्सव के चतुर्थ दिवस शहर में कला यात्रा भी निकाली गई जिसमें उज्जैन के योगेश मालवीय एवं मलखंभ दल ने मलखंभ की प्रस्तुति दी। यात्रा बुधवारिया, नईसड़क, सतीगेट, गोपाल मंदिर होकर महाकाल लोक पर संपन्न हुई।

गढ़कालिका में 1 लाख से अधिक की आय

गढ़कालिका मंदिर में साल के पहले माह जनवरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन व पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर समिति के प्रबंधक मूलचंद जाटवा ने बताया इस सप्ताह 11 से 17 जनवरी 2026 तक मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ की बैठक के दौरान कुल 710 कुमकुम पूजा हुई जिससे समिति को 250 रुपए की शासकीय रसीद 1 लाख 77 हजार 500 रुपए की आय हुई है।